(4) It reduces the time teachers have to speak.

89. **Select the most appropriate choice from the following two statements A and B :**
**What is the advantage of asking questions in a Social Science class ?**
A. It assesses students' understanding of the concept and recall of ideas discussed in an earlier class.
B. It assesses how well new ideas have been understood and ensures its repetition in students' own words.
(1) B only
(2) Both A and B
(3) Neither A nor B
(4) A only

90. **Choose the most appropriate statement that describes Social Science.**
(1) A study of individuals and their achievements
(2) A study of relationships of people in a context
(3) A study of physical matter
(4) A study of space and quantity

87. **ऐतिहासिक स्मारकों पर रचनावादी चर्चा के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी विधि सबसे उचित होगी ?**
(1) स्मारकों पर प्रश्न-उत्तर का चार्ट
(2) स्मारकों पर हुए विद्यालय के एक पिकनिक के फोटोग्राफ
(3) स्थानीय स्मारकों की पहचान करना और इसके आसपास कहानियों का वर्णन करना ।
(4) स्मारकों का नाम सहित कोलाज

88. **सामाजिक विज्ञान विषय पर एक कक्षा चर्चा शुरू करने के लिए सबसे उचित कारण चुनिए :**
(1) इससे विद्यार्थियों को व्यस्त रखते हैं ।
(2) इससे परीक्षण करते हैं कि विद्यार्थियों ने मीडिया से क्या सीखा ?
(3) इससे विद्यार्थी विषय के साथ जुड़ सकते हैं और अपने को अभिव्यक्त कर सकते हैं ।
(4) इससे शिक्षकों को कम समय बोलना होगा ।

89. **निम्नलिखित दो कथन A और B में से सबसे उपयुक्त कारण को चुनिए :**
**सामाजिक विज्ञान की कक्षा में प्रश्नों को पूछने का क्या लाभ है ?**
A. विद्यार्थी की अवधारणा की समझ का आकलन करना और पूर्व कक्षाओं में हुई चर्चा का स्मरण करना ।
B. नये विचारों की समझ का आकलन करना और विद्यार्थियों के अपने शब्दों में इनको दोहराना ।
(1) केवल B
(2) दोनों A और B
(3) न A और न B
(4) केवल A

90. **सबसे उचित कथन को चुनिए जो सामाजिक विज्ञान का वर्णन करता है :**
(1) व्यक्ति एवं उसके उपलब्धि का अध्ययन ।
(2) एक संदर्भ में लोगों के सम्बंधों का अध्ययन ।
(3) भौतिक पदार्थों का अध्ययन ।
(4) स्थान और मात्रा का अध्ययन ।

Scanned by CamScanner

# PART – IV
## LANGUAGE – I
## ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – IV (Q. Nos. 91-120)**, if they have opted **ENGLISH** as **LANGUAGE – I** only.

**Directions :** Read the passage given below and answer the questions (Q. Nos. **91-99**) that follow by selecting the **most appropriate** options :

The task of finding a new lighthouse keeper fell to the commissioner of Malta, and this task was no small one; first, because it was absolutely necessary to find the man within twelve hours; second, the man must be unusually conscientious, – it was not possible, of course, to take the first comer at random; finally, there was an utter lack of candidates. Life on a lighthouse is uncommonly difficult, and by no means enticing to people of the area who love idleness and the freedom of a vagrant life. And a lighthouse keeper is almost a prisoner. He cannot leave his rocky island except on Sundays. A boat from the mainland brings him provisions and water once a day, and returns immediately; on the whole island, one acre in area, there is no inhabitant.

The keeper lives in the lighthouse; he keeps it in order. During the day he gives signals by displaying flags of various colours to indicate changes in the barometer; in the evening he lights the lantern. This would be no great labour were it not that to reach the lantern at the summit of the tower he must climb more than four hundred steep and very high steps; sometimes he must make his journey several times during the day. In general, it is the life of a monk, and indeed more than that, – the life of a hermit. It was not wonderful, therefore, that Mr. Koshy was in no small anxiety as to where he should find a permanent successor to the recent keeper; and it is easy to understand his joy when a successor announced himself most unexpectedly on that very day. He was a man already old, seventy years or more, but fresh, erect, with the movements and bearing of the soldier. His hair was perfectly white, his face sufficiently tanned, but judging from his blue eyes, he did not belong to the people of the area.

**91. The keeper didn't have to :**

(1) make use of the flags at night.

(2) light the lantern.

(3) climb the tower twice.

(4) keep the island neat and tidy.

Scanned by CamScanner

92. **The candidate was not rejected by Mr. Koshy as :**
   (1) he was one of the local people.
   (2) his eyes were blue.
   (3) he was old but fresh and erect.
   (4) his hair was white and face tanned.

93. **Which part of speech is 'tanned' in .... 'his face was sufficiently tanned ...' ?**
   (1) Adjective
   (2) Verb
   (3) Adverb
   (4) Noun

94. **What is the antonym of 'permanent' ?**
   (1) temporary
   (2) dynamic
   (3) uneven
   (4) moving

95. **'... and bearing of a soldier...' What does 'bearing' mean here ?**
   (1) carrying
   (2) courage
   (3) knowledge
   (4) manner

96. **'The task of finding a new ....' The word, 'finding' is a/an :**
   (1) Verb
   (2) Adjective
   (3) Adverb
   (4) Noun

97. **The lighthouse was built :**
   (1) on a small island.
   (2) on a popular sea beach.
   (3) in a stormy sea.
   (4) in Malta.

98. **Mr. Koshy's job was very difficult as :**
   (1) it was difficult to make the choice.
   (2) no candidate was good enough.
   (3) no one was tall enough.
   (4) there was lack of candidates.

99. **Life on the island was comfortable as :**
   (1) the keeper could grow his own food.
   (2) food came from the mainland.
   (3) the keeper could have his family with him.
   (4) the keeper could fish in the sea.

Scanned by CamScanner

**Directions :** Read the extract given below and answer the questions (Q. Nos. **100-105**) that follow by selecting the **most appropriate** options :

I sometimes hold it half a sin
To put in words the grief I feel:
For words, like Nature, half reveal
And half conceal the Soul within.
But, for the unquiet heart and brain
A use in measured language lies;
The sad mechanic exercise,
Like dull narcotics, numbing pain.
In words, like weeds, I'll wrap me o'er,
Like coarsest clothes against the cold:
But that large grief which these enfold
Is given in outline and no more.

**100. 'Measured language' can help in :**

(1) making pleas.

(2) numbing the pain.

(3) expressing joy.

(4) giving orders.

**101. The brain and heart are unquiet as they :**

(1) are too joyous.

(2) are filled with fear.

(3) are wrapped in coarsest clothes.

(4) are overwhelmed with grief.

**102. The figure of speech used in line 10 is :**

(1) a metaphor

(2) a hyperbole

(3) alliteration

(4) personification

**103. The figure of speech used in line 3 is :**

(1) a metaphor

(2) a hyperbole

(3) personification

(4) a simile

**104. The poet considers it a sin to express his _____ in words.**

(1) sorrow

(2) ambitions

(3) anxiety

(4) excitement

**105. It is a sin to open one's heart and soul in words because :**

(1) they cannot fully express the truth.

(2) they can be easily misunderstood.

(3) no individual has full command of words.

(4) the society does not allow it.

Scanned by CamScanner

**Directions :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** options :

**106. Intensive Reading :**

(1) does not include skimming and scanning.

(2) aims at learning certain grammatical rules.

(3) promotes only extrapolative understanding.

(4) involves learner's reading in detail with specific learning aims and tasks.

**107. Poetry teaching should ideally be meant for :**

(1) learning grammar

(2) learning poetic devices

(3) vocabulary building

(4) enjoyment and appreciation

**108. The pedagogy of language <u>does not</u> refer to :**

(1) Science of Teaching.

(2) Craft of Teaching.

(3) Methods of Teaching.

(4) Art of Teaching.

**109. Reading skill can best be developed by :**

(1) doing vocabulary related exercise.

(2) engaging in quizzes and word games.

(3) focussing on the use of words in a given context.

(4) writing answers to text based questions.

**110. One of the qualities of a good composition is :**

(1) maintaining logical consistency.

(2) making maximum use of passive voice.

(3) using phrases and idioms.

(4) using only flowery language.

**111. Direct method is also known as :**

(1) deductive method

(2) straight method

(3) natural method

(4) inductive method

**112. Language Acquisition stands for :**

(1) learning a language without making any deliberate or conscious effort.

(2) learning a language through some specific language methodology.

(3) acquiring a language by taking recourse to one's mother tongue.

(4) learning a language with a deliberate and conscious effort.

Scanned by CamScanner

**113. A teacher in a rural area finds more than 5 languages being spoken by children in her classroom. She attempts to use all the languages of children in her teaching. What is this strategy known as ?**

(1) Translation

(2) Subtractive bilingualism

(3) Translanguaging

(4) Multilingualism

**114. Language is a :**

(1) group of words and sentences.

(2) systematic arrangement of words.

(3) group of grammatical structures.

(4) system.

**115. 'Story telling as a strategy' is used to :**

(1) promote language learning holistically.

(2) learn vocabulary.

(3) recall the story.

(4) understand the moral of the story.

**116. Functional grammar lays emphasis on :**

(1) linguistic items.

(2) use of language.

(3) syntactical items.

(4) rules of language.

**117. In learning of English as a second language committing an error is :**

(1) a problem that needs to be rectified immediately.

(2) an indicator of learning.

(3) a hindrance that hampers learning.

(4) a problem.

**118. The term 'linguistic competence' is associated with which one of the following approaches/methods to ELT ?**

(1) Direct method

(2) Grammar-Translation method

(3) Communicative approach

(4) Structural approach

**119. Silent reading is encouraged because it :**

(1) promotes fluency and accuracy.

(2) promotes memorising.

(3) is good for the teacher.

(4) does not disturb others.

**120. Which one of the following is NOT a step in the process of developing writing skill ?**

(1) Proofreading

(2) Editing

(3) Transcribing

(4) Drafting

Scanned by CamScanner

# भाग – IV

## भाषा – I

## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग – IV (प्र. सं. 91-120)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निर्देश :** नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 91 से 99) के **सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प चुनिए :

1971 के भारत-पाक युद्ध में समुद्र में जीत हासिल करने में भारतीय नौसेना द्वारा निभाई गई निर्णायक भूमिका की याद में प्रति वर्ष 04 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है । यह एक ऐसा अवसर है जब हम अपने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं तथा अपने सेवानिवृत्त सैनिकों और युद्ध-विधवाओं के बलिदान को याद करते हैं । इस दिन भारतीय नौसेना राष्ट्र की निरंतर सेवा के प्रति अपनी वचनबद्धता और निष्ठा को दोहराती है ।

भारत की समुद्री शक्ति के प्रमुख उपादान और अभिव्यक्ति के रूप में समुद्री अधिकार-क्षेत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा की निगरानी और उसमें बढ़ोत्तरी के लिए भारतीय नौसेना एक अहम् भूमिका का निर्वाह करती है । अधिकांशत: जनता की नज़रों से दूर 'खामोशी के साथ काम करने वाली इस सेना' के आकार और क्षमता में स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद वृद्धि हुई है, जो सतत रूप से बढ़ते इसके कार्यक्षेत्र तथा राष्ट्रीय सुरक्षा में इसके बढ़ते महत्त्व के अनुरूप है । नौसेना की सक्रियात्मक गतिविधियों में तदनुसार संगत विस्तार हुआ है तथा इसमें हिंद महासागरीय क्षेत्र तथा उससे परे के क्षेत्रों का भी समावेश हो गया है ।

यह जानकर सुखद अनुभूति होती है कि नौसेना हमारी विस्तृत समुद्री सीमाओं की निरंतर चौकसी कर रही है और उसने पेश आने वाले खतरों और चुनौतियों का हमेशा तेजी से और पूरी दक्षता के साथ मुकाबला किया है । समुद्री डकैती की रोकथाम, प्राकृतिक आपदाओं और मानवीय त्रासदी के दौरान तत्काल सहायता उपलब्ध कराने में भारतीय नौसेना की अनवरत प्रतिबद्धता वास्तव में सराहनीय है । मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे समर्पित और निष्ठावान नौसेना कार्मिक राष्ट्र द्वारा उन्हें सौंपे गए दायित्वों को पूरा करने के लिए सतत प्रयास करते रहेंगे ।

91. **'अहम् भूमिका' से तात्पर्य है :**
   (1) अहंकार से भरी भूमिका
   (2) अभिमान से पूर्ण भूमिका
   (3) महत्त्वपूर्ण भूमिका
   (4) अपनी भूमिका

92. **यह जानकर बहुत आनंद प्राप्त होता है कि हमारी नौसेना :**
   (1) विशाल समुद्री सीमा की चौकसी कर रही है ।
   (2) विशाल युद्धों में भाग लेती है ।
   (3) जनता की नज़रों से दूर रह कर काम करती है ।
   (4) विशाल हिंद महासागर में स्थित है ।

93. **'परंपरागत' से तात्पर्य है :**
   (1) परंपरा से गए हुए
   (2) परंपरा से मिले-जुले
   (3) परंपरा से आए हुए
   (4) पराए वश में पड़े हुए

Scanned by CamScanner

94. 'सामना करना' के लिए अनुच्छेद में आया है :

(1) चौकसी करना

(2) निर्वाह करना

(3) मुकाबला करना

(4) भूमिका निभाना

95. 'समावेश' शब्द में कौन-सी संधि है ?

(1) व्यंजन

(2) विसर्ग

(3) अटूट

(4) स्वर

96. 'समर्पित और निष्ठावान नौसेना कार्मिक राष्ट्र द्वारा' – वाक्यांश में दो विशेषण पद हैं :

(1) समर्पित, निष्ठावान

(2) निष्ठावान, राष्ट्र

(3) नौसेना, राष्ट्र

(4) समर्पित, नौसेना

97. नौसेना दिवस क्यों मनाया जाता है ?

(1) पाक को हराने में भारतीय नौसेना की बड़ी भूमिका को याद करने के लिए

(2) शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए

(3) पाक को उसकी हार की याद दिलाने के लिए

(4) भारत-पाक युद्ध में विजय की सुखद अनुभूति के लिए

98. नौसेना दिवस के बारे में सत्य है कि इस दिन नौ-सैनिक :

(1) सेवानिवृत्त सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हैं ।

(2) जनता की नज़रों से दूर खामोशी से कार्य करते हैं ।

(3) देश के प्रति नौसेना की वचनबद्धता को दोहराते हैं ।

(4) भारतीय नौसेना के कार्यक्षेत्र को बढ़ाते हैं ।

99. स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद भारतीय नौसेना के आकार और क्षमता में :

(1) बढ़ोत्तरी हुई है ।

(2) आत्मविश्वास बढ़ा है ।

(3) खामोशी बढ़ी है ।

(4) चमक आई है ।

**निर्देश :** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. **100-105**) के **सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प चुनिए :

जिस ओर झुके हम मस्ती से झुक जाए उधर अंबर-भूतल
आज़ाद वतन के बाशिंदे, हर गीत हमारा है बादल ।
अपनी-अपनी भाषा अपनी संस्कृति के अभिमानी हम
विविध प्रांत हों लेकिन दुनियावालो ! हिंदुस्तानी हम
रहन-सहन में, खान-पान में भिन्न भले ही हों कितने
इस मिट्टी को देते आए, मिल-जुल कर कुरबानी हम ।
सदियों से गुजरे लाखों तूफान हमारे आगे से
संघर्षों से टकराते हम हरदम लगते जागे-से
केरल से कश्मीर भले ही दूर दिखाई दे कितना
पर हर राज्य जुड़ा है अपना कोमल मन के धागे से ।

Scanned by CamScanner

100. 'आज़ाद वतन के बाशिंदे' – कथन का अर्थ है :

(1) स्वतंत्रता के प्रेमी पक्षी
(2) स्वतंत्र देश के बलिदानी
(3) स्वतंत्र देश के निवासी
(4) स्वतंत्र राह के राही

101. संघर्षों से टकराकर हमने क्या सीखा ?

(1) सदा जागरूक रहना ।
(2) मिल-जुल कर रहना ।
(3) अपने देश का सम्मान करना ।
(4) बलिदान देना ।

102. 'अंबर-भूतल' का समास विग्रह होगा :

(1) अंबर के भूतल में
(2) अंबर और भूतल
(3) अंबर और भूतल के समान
(4) अंबर से भूतल तक

103. "रहन-सहन में खान-पान में भिन्न भले ही हों कितने" – पंक्ति में अलंकार है ?

(1) रूपक
(2) यमक
(3) अनुप्रास
(4) उपमा

104. कवि के अनुसार भारतीयों को गर्व है :

(1) अपनी स्वतंत्रता पर
(2) अपनी भाषा-संस्कृति पर
(3) अपने नदी-पर्वतों पर
(4) अपने गीतों पर

105. भारत के दूर-दूर स्थित राज्य भी परस्पर जुड़े हैं :

(1) समान विचारों से
(2) अपने मेल-जोल से
(3) कोमल मन के धागे से
(4) समान भाषा-संस्कृति से

**निर्देश** : नीचे दिए गए प्रश्नों के **सबसे उचित उत्तर** वाले विकल्प चुनिए :

106. कक्षा आठ के बच्चों को शब्द-युग्म की संकल्पना स्पष्ट करने के लिए आप क्या करेंगे ?

(1) व्याकरणिक नियम स्पष्ट करेंगे ।
(2) रोज़मर्रा की भाषा से उदाहरण देंगे ।
(3) रोज़मर्रा की भाषा से नियम समझाएँगे ।
(4) व्याकरण की पुस्तक से पढ़ाएँगे ।

107. सोनल छठी कक्षा को पढ़ाती है । कविता-शिक्षण के समय उसका ध्यान ______ पर अधिक होना चाहिए ।

(1) सस्वर पठन
(2) अलंकार, छंद
(3) भाव-ग्रहण
(4) शुद्ध उच्चारण

Scanned by CamScanner

108. 'पढ़ना और लिखना' – दोनों का संबंध भाषा के ________ रूप से है ।

(1) मानक
(2) मौखिक
(3) लिखित
(4) जटिल

109. लेखन क्षमता के विकास में सबसे कम महत्त्वपूर्ण है :

(1) विचारों की मौलिकता
(2) वर्तनी की शुद्धता
(3) भाषा का संयोजन
(4) विचारों की संगतता

110. छठी कक्षा की शिक्षिका बच्चों को विभिन्न व्यवसायों से संबद्ध रोल-प्ले करवाती हैं । इसका प्रमुख उद्देश्य है :

(1) विभिन्न व्यवसायों से परिचय
(2) विभिन्न अभिनय-शैलियों से परिचय
(3) सार्थक रूप से समय बिताने की युक्तियों से परिचय
(4) विभिन्न प्रयुक्तियों से परिचय

111. बच्चों की भाषिक क्षमता का आकलन करने के लिए आप किस तरह के प्रश्नों को सबसे कम महत्त्व देते हैं ?

(1) जो बच्चों की चिंतन क्षमता को बढ़ावा दें ।
(2) जिनके उत्तर एकदम तयशुदा हों ।
(3) जिनके उत्तर पहले से तय न हों ।
(4) जो बच्चों की रचनाशीलता को बढ़ावा दें ।

112. "एक स्वस्थ, सभ्य और सहिष्णु समाज लाठियों और बंदूकों के डर से नहीं रचा जा सकता । उसके लिए ऐसी शिक्षा चाहिए जो स्वस्थ संवाद रच सके ।" उपर्युक्त पंक्तियों को स्पष्ट करने के लिए कौन-सा प्रश्न अच्छा माना जाएगा ?

(1) लाठियों और बंदूकों का डर क्या नहीं रच सकता ?
(2) इन पंक्तियों में समाज के लिए कौन-से विशेषणों का प्रयोग किया गया है ?
(3) स्वस्थ का विलोम शब्द लिखकर वाक्य बनाएँ ।
(4) स्वस्थ संवाद से क्या अभिप्राय हो सकता है ? उदाहरण के साथ बताएँ ।

113. उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों की मौखिक अभिव्यक्ति का विकास करने के लिए आप सर्वाधिक महत्त्व किसे देते हैं ?

(1) विषयानुकूल विचार
(2) उच्चारणगत शुद्धता
(3) नाटकीयता
(4) तीव्र प्रवाह

114. भाषा की कक्षा में बहु-भाषिकता को संबोधित करने का अर्थ है :

(1) एक से अधिक माध्यमों का प्रयोग ।
(2) सभी बच्चों की भाषा को उचित स्थान देना ।
(3) विभिन्न भाषाओं के मानकीकृत स्वरूप को महत्त्व देना ।
(4) एक से अधिक भाषाएँ पढ़ाना ।

Scanned by CamScanner

115. भाषा सीखने के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है ?

(1) बच्चे केवल अनुकरण के द्वारा ही भाषा सीखते हैं ।

(2) बच्चे स्कूल में आने के बाद भाषा सीखते हैं ।

(3) बच्चे बोली सीखते हैं जो भाषा नहीं है ।

(4) बच्चों में भाषा की क्षमता जन्मजात होती है ।

116. "बच्चे स्कूल आने से पहले ही भाषा की जटिलताओं और नियमों को आत्मसात कर पूर्ण भाषिक क्षमता रखते हैं ।" इस कथन का शैक्षिक निहितार्थ है कि :

(1) बच्चों को सरल विषय-वस्तु उपलब्ध न कराएँ ।

(2) बच्चों को स्कूल में भाषा न सिखाई जाए ।

(3) बच्चों को समृद्ध भाषिक परिवेश उपलब्ध कराया जाए ।

(4) बच्चों को व्याकरण के नियम बिलकुल न पढ़ाए जाएँ ।

117. "भाषा शिक्षण केवल भाषा की कक्षा तक सीमित नहीं होता ।" इस कथन का शैक्षिक निहितार्थ यह है कि :

(1) अन्य विषयों के शिक्षण में भी भाषागत त्रुटि के अंक काटे जाने चाहिए ।

(2) अन्य विषयों की कक्षा में भी बच्चे भाषा अर्जित करते हैं ।

(3) अन्य विषयों के शिक्षकों को भी सभी भाषाएँ आनी चाहिए ।

(4) अन्य विषयों को पढ़ाते समय मानक भाषा पर ही ध्यान देना चाहिए ।

118. भाषा संबंधी मूल्यांकन में :

(1) पाठ्यक्रम विशेष की भाषा का ही मूल्यांकन करना चाहिए ।

(2) बच्चों की भाषा-प्रयोग संबंधी क्षमता का मूल्यांकन करना चाहिए ।

(3) बच्चों के भाषिक नियम संबंधी ज्ञान का मूल्यांकन करना चाहिए ।

(4) पाठ्यक्रम विशेष की उपलब्धि समझी जानी चाहिए ।

119. बच्चों की पठन क्षमता का विकास करने के लिए सर्वाधिक आवश्यक है :

(1) उन्हें मौन पठन करने का तरीका सिखाएँ ।

(2) उन्हें सस्वर पठन करने का तरीका सिखाएँ ।

(3) उन्हें शुद्ध उच्चारण और तीव्र प्रवाह की महत्ता सिखाएँ ।

(4) उन्हें विविध और समृद्ध पठन सामग्री उपलब्ध कराएँ ।

120. बच्चों की भाषाई प्रगति का निरंतर आकलन और लेखन पोर्टफोलियो के रूप में होना चाहिए क्योंकि :

(1) यह साक्ष्य को सुरक्षित रखने का एकमात्र साधन है ।

(2) यह शिक्षकों को व्यस्त रखने का साधन है ।

(3) यह बच्चों की तुलना करने में मदद करता है ।

(4) यह क्रमिक प्रगति को बताता है ।

Scanned by CamScanner

# PART – V
## LANGUAGE – II
## ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – V (Q. Nos. 121-150),** if they have opted **ENGLISH** as **LANGUAGE – II** only.

**Directions :** Read the passage given below and answer the questions (Q. Nos. **121-128**) that follow by selecting the **most appropriate** options :

In the late summer of that year we lived in a village that looked across the river and the plain to the mountains. In the bed of the river there were pebbles and boulders, dry and white in the sun, and the water was clear and swiftly moving and blue in the channels. Troops went by the house and down the road and the dust they raised powdered the leaves of the trees. The trunks of the trees too were dusty and the leaves fell early that year and we saw the troops marching along the road and the dust rising and leaves, stirred by the breeze, falling and the soldiers marching and afterwards the road bare and white except for the leaves.

The plain was rich with crops; there were many orchards of fruit trees and beyond the plain the mountains were brown and bare. There was fighting in the mountains and at night we could see the flashes from the artillery. In the dark it was like summer lightning, but the nights were cool and there was not the feeling of a storm coming.

Sometimes in the dark we heard the troops marching under the window and guns going past pulled by motor-tractors. There was much traffic at night and many mules on the roads with boxes of ammunition on each side of their pack saddles and grey motor-trucks that carried men, and other trucks with loads covered with canvas that moved slower in the traffic. To the north we could look across a valley and see the chestnut trees and the branches were bare and the trunks black with rain.

**121. The troops were marching :**

(1) without any hope of victory.

(2) away from the battlefield.

(3) to the battlefield in the mountains.

(4) towards the North.

**122. There was fighting in the mountains. The word, 'fighting' is a/an :**

(1) Verb

(2) Adjective

(3) Adverb

(4) Noun

Scanned by CamScanner

**123. We saw the troops.**

**The tense in the above sentence is :**

(1) Present Continuous

(2) Past Indefinite

(3) Past Perfect

(4) Present Indefinite

**124. The word, 'boulders' means :**

(1) big stones

(2) fishes

(3) bad bruises

(4) a cloister

**125. What does the word, 'ammunition' mean ?**

(1) Information

(2) Food articles

(3) Winter clothes

(4) Bullets

**126. As a result of the soldiers' march :**

(1) the leaves were crushed under the feet.

(2) the leaves were falling on the ground.

(3) a view of the hills was not possible.

(4) the trees got covered with dust.

**127. From his house in the village the narrator did not see :**

(1) plain and mountains in the distance.

(2) soldiers clearing the road of the leaves.

(3) bare and white road with leaves on it.

(4) clear and swiftly moving water in the river.

**128. Which one of the following statements is FALSE ?**

(1) Across the plains there were the snow covered mountains.

(2) The guns were flashing like lightning.

(3) The nights were cool even in summer.

(4) The soldiers had not destroyed the crops.

Scanned by CamScanner

**Directions :** Read the passage given below and answer the questions (Q. Nos. **129-135**) that follow by selecting the **most appropriate** options :

1. Ultimately Baloo, a snow-white polar bear appears to have ended up with an animal trainer who took his bears to a circus. They were forced to imitate human behaviour like dancing with music, playing with balls and walking upright. Baloo endured mental and physical pain – trainers whipped the bears on the face, head, and hind quarters – as well as a sweltering environment hostile to her polar bred sensibilities. When not performing, Baloo and her peers were warehoused in a trailer divided into several metal cages. They could not lie properly and had to curl into a C shape to lie on their sides, or put their feet up against the wall to lie on their backs. Moreover, life in the tropics posed its own challenges.

2. Over five million years, polar bears evolved to handle extreme cold. Wild bears can overheat, if the temperature rises above minus 20 degree centigrade, forcing them to plunge into the ocean or lie on their backs on a frozen surface – options unavailable to Baloo and others. In fact, animal welfare investigators documented temperature spikes as high as 45 degree centigrade next to the cages. Heat's effect on a polar bear is dramatic. Humans sweat to stay cool, but bears don't. They pant to cool off. The hotter it is, the greater the panting. As a result, the circus bears were dehydrated and scrawny. While a polar bear's normal respiration rate is somewhere between 10 and 30 breaths per minute, the suspected rate for a circus bear, when lying still is 60.

**129. In order to stay cool, Baloo :**
(1) needed to breathe 10 – 30 times per minute.
(2) had to breathe 60 times per minute.
(3) used to lie down on a frozen surface.
(4) had to sweat a lot.

**130. Antonym of the word, 'hostile' is :**
(1) prompt
(2) absent
(3) homesick
(4) friendly

**131. '.... the suspected rate for a ....'. The word, 'suspected' here is a/an :**
(1) Verb
(2) Adjective
(3) Adverb
(4) Noun

**132. What does the word, 'spikes' (para 2) here mean :**
(1) enjoys
(2) lowers
(3) rises
(4) rods

**133. In the circus, Baloo was made to :**
(1) climb stairs.
(2) walk like humans.
(3) sit on a stool.
(4) play with rings.

**134. When not performing in the ring Baloo was :**
(1) allowed to roam around.
(2) shut up in a metal cage.
(3) kept in an ice-cooled room.
(4) kept tied to a peg.

**135. Animals in the circus :**
(1) could not sleep in the normal way.
(2) were treated with care.
(3) were allowed to play as they liked.
(4) got good food to eat.

Scanned by CamScanner

Directions : Answer the following questions by selecting the **most appropriate** options :

**136. The idea that children are born with language acquisition device is given by :**

(1) Chomsky

(2) Vygotsky

(3) Piaget

(4) Skinner

**137. Critical pedagogy :**

(1) promotes peer group learning.

(2) does not challenge the existing knowledge.

(3) develops instrumental understanding.

(4) allows students to arrive at informed understanding.

**138. Listening comprehension is a :**

(1) hearing skill

(2) receptive skill

(3) creative skill

(4) productive skill

**139. Which one of the following practices will help most in developing oral language skill ?**

(1) participating in role plays

(2) chorus reading of a chapter in the textbook after the teacher

(3) practising the correct pronunciation of words in chorus after the teacher

(4) reciting poems individually and in chorus

**140. English belongs to :**

(1) Indo-European family of languages

(2) European-Celtic family of languages

(3) Nordic family of languages

(4) Indo-Aryan family of languages

**141. In a constructivist classroom learners are :**

(1) interacting in groups and the class is somewhat noisy.

(2) writing the answers from the blackboard in good handwriting.

(3) taught by expert teachers.

(4) listening attentively to the teachers.

**142. While assessing a student, the teacher should compare the progress of a child :**

(1) with those who learn fast.

(2) with those who are slow learners.

(3) with his/her previous level of learning.

(4) with other children in the class.

**143. Formative assessment helps in :**

(1) assessing teacher's efficiency in teaching.

(2) providing qualitative feedback to learners to improve.

(3) conducting tests in a week.

(4) creating a competitive atmosphere in the class.

Scanned by CamScanner

**144. While teaching a language through the skill of Stimulus Variation, a teacher should :**

(1) focus on demonstration using various TLMs.

(2) use movement and gestures while teaching.

(3) strengthen the desirable behaviour of the learners.

(4) use students' previous knowledge.

**145. Guided writing provides ______ to students when writing on their own.**

(1) review and feedback

(2) model text and visuals

(3) opportunities for creativity

(4) helpful tools, scaffolding and support

**146. Language is the ability to acquire and use :**

(1) some of its basic skills.

(2) complex systems of communication.

(3) some of its components.

(4) a set of grammatical rules.

**147. Which one of the following is <u>not true</u> of English language learning as a second language in school ?**

(1) learning the sounds of the language

(2) learning to become a linguist

(3) learning the grammar first to become a fluent user of English

(4) learning to use the language for various purposes

**148. Listening to a good speaker helps a learner :**

(1) in developing his psychomotor skills.

(2) in improving his/her habit formation.

(3) in making him/her selective listener.

(4) in avoiding communication errors.

**149. Which one of the following is <u>correct</u> about teaching learning of English grammar ?**

(1) Learning to use the English language and discovering the rules of grammar in context.

(2) Learning grammatical forms/patterns is essential for learning English.

(3) There is no need to learn its grammar for learning English.

(4) Learning grammar in the formative years helps in better learning of English.

**150. Lower-order questions are meant to :**

(1) apply the ideas of the text.

(2) apply new ideas.

(3) recall the vocabulary to be learnt in the text.

(4) recall facts from previous knowledge.

Scanned by CamScanner

## भाग – V

## भाषा – II

## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग – V (प्र. सं. 121-150)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निर्देश :** नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 121-128) के **सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प चुनिए :

यह कहना कितना सत्य है कि जैसे सोने का प्रत्येक धागा मूल्यवान होता है, उसी तरह समय का प्रत्येक क्षण भी मूल्यवान होता है ? समय निरंतर गतिमान है । न तो वह कभी रुकता है और न ही कभी लौटकर वापस आता है । मिनट, घंटे, सप्ताह, महीने और वर्ष बीत जाते हैं । इतना समय व्यर्थ जाने के बाद हमें यह समझ में आता है कि हमने केवल अपना कीमती समय ही बर्बाद किया है । एक प्रसिद्ध विचारक ने कहा है – 'सोने से पहले अपने सारे क्रियाकलापों को एक डायरी में लिखो । सुबह उठकर उसे पढ़ो और मनन करो कि बीते कल का तुमने कितना सदुपयोग किया ? कल तुमने क्या खोया, क्या पाया ? तुम्हारे कल के कर्म भावी जीवन पर क्या प्रभाव डाल सकते हैं ? तब तुम्हें अपने वर्तमान और भविष्य की सच्ची तस्वीर दिखाई देगी । तुमको पता चल पाएगा कि तुम अपना कितना समय अकारण गँवा रहे हो ? यह भी जान पाओगे कि क्यों तुम्हारे सपने पूरे नहीं हो रहे ?' पिछले समय का लेखा-जोखा करके हम अपने जीवन से बहुत कुछ सीख सकते हैं । किस काम को करने से हमें कितनी हानि हुई और किस काम को करने से कितना लाभ हुआ – यह हमें सबसे पहले देखना चाहिए । किसी उद्योगपति को एक सौदा तय करने सुबह दस बजे जाना था, मगर आलस्य के कारण वह साढ़े दस बजे पहुँचा । दूसरा व्यापारी जा चुका था । वह उसके नाम एक पुरज़ा छोड़ गया था, जिस पर लिखा था, 'जो व्यक्ति समय का पाबंद नहीं, उससे क्या सौदा किया जाए ? वह वादे के अनुसार समय पर कभी माल नहीं भेज सकता ।' पर्ची पढ़ते ही उस उद्योगपति की हवाइयाँ उड़ गईं । लाखों के नुकसान से उसने एक सबक सीखा – समय की पाबंदी । हम लापरवाही में दूसरों के समय की कीमत नहीं समझते, तो उनके द्वारा हम ठुकरा दिए जाते हैं । इसलिए पछताने से अच्छा है कि समय का सदुपयोग करके अपने जीवन का उद्देश्य प्राप्त करें ।

121. **'हवाइयाँ उड़ना' मुहावरे का सही प्रयोग है :**

(1) दीवाली में शाम होते ही हवाइयाँ उड़ने लगीं ।

(2) पुलिस को सामने देखकर चोर के चेहरे पर हवाइयाँ उड़ने लगीं ।

(3) वायुयान से यात्रा करने में चारों ओर हवाइयाँ उड़ती हैं ।

(4) बेटे को पाकर माँ के चेहरे पर हवाइयाँ उड़ने लगीं ।

122. **नीचे लिखे शब्दों में से उसे छाँटिए जो शेष से भिन्न हो :**

(1) प्राचीन

(2) भूत

(3) भविष्य

(4) वर्तमान

123. **'निरंतर गतिमान' उसे कहेंगे जो :**

(1) कभी नहीं रुकता

(2) कभी एक-सा नहीं रहता

(3) सदा निरंतर रहता है ।

(4) कभी नहीं चलता

Scanned by CamScanner

**124. कौन-सा शब्द-युग्म परस्पर विलोम शब्दों का नहीं है ?**

(1) सदुपयोग-दुरुपयोग

(2) क्रिया-कलाप

(3) मूल्यवान-मूल्यहीन

(4) हानि-लाभ

**125. 'भविष्य' की सही वर्तनी है :**

(1) भ् + अ + व् + इ + ष् + अ + य

(2) भ् + अ + व् + इ + ष् + य् + अ

(3) भ् + व् + इ + ष् + य् + अ

(4) भ् + अ + व् + इ + ष् + य

**126. सोने का उदाहरण यह बताने के लिए दिया गया है कि :**

(1) समय मूल्यवान होता है ।

(2) समय गतिमान होता है ।

(3) सोना समय पर खरीदा जाता है ।

(4) सोना कीमती होता है ।

**127. सोने के पूर्व डायरी लिखने से हमें :**

(1) लेखा-जोखा रखने में मदद मिलेगी ।

(2) सौदा तय करने में आलस्य नहीं आएगा ।

(3) समय की कीमत पता चल जाएगी ।

(4) वर्तमान और भविष्य की तस्वीर दिखाई देगी ।

**128. दो व्यापारियों में समझौता क्यों नहीं हो पाया ?**

(1) पहले व्यापारी ने उससे मिलना नहीं चाहा ।

(2) दूसरे व्यापारी ने पुरजे पर संदेश लिख दिया ।

(3) पहले व्यापारी ने समय का ध्यान नहीं रखा ।

(4) दूसरे व्यापारी के पास समय की कमी थी ।

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 129-135) के **सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प चुनिए :

"इस देश ने हमारे लिए क्या किया है जो हम उसकी इज्जत करें !" भाई ने बेरुखी से कहा ।

यह सुनकर ऋतु का मन खिन्नता से भर गया । वह उन्हें कैसे समझाए कि जननी-जन्मभूमि तो हमारे लिए सदा वंदनीय है । जिस ज़मीन पर हम पैदा हुए, जिसके अन्न-पानी से हम जीते हैं, जिसकी हवा में हम साँस लेते हैं उसकी हम इज्ज़त न करें, यह कैसी बात है ! राष्ट्रध्वज या राष्ट्रगान का सम्मान हमारी माँ का, हमारा अपना सम्मान है ।

उसने किसी तरह खाना खाया और अपने कमरे में चली आई । रात भर नींद नहीं आई । नई पीढ़ी के वर्तमान और भविष्य के बारे में सोचती रही । जागरण की बेला में नींद आने लगी । सुबह किसी तरह उठी और तैयार होकर स्कूल गई । राष्ट्रध्वज फहरा तो मन उल्लास से भर गया । छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के समवेत स्वर में राष्ट्रगान गूँज उठा । एक दिव्य वातावरण बन गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, मिठाइयाँ बँटीं ।

ऋतु इन तीन रंगों की तीन पट्टियों का महत्त्व जानती है । उस त्याग और बलिदान के बारे में उसने पढ़ा है जिससे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ कि हम अपने देश पर गर्व कर सकें । उसने निश्चय किया कि वह भाई को आज जरूर यह सब बताएगी । वह इतना नादान नहीं है कि न समझ सके ।

Scanned by CamScanner

129. 'जननी' शब्द व्याकरण की दृष्टि से है :

(1) सर्वनाम

(2) विशेषण

(3) क्रिया

(4) संज्ञा

130. 'अन्न-पानी' शब्द में कौन-सा समास है ?

(1) द्विगु

(2) तत्पुरुष

(3) कर्मधारय

(4) द्वंद्व

131. 'वह इतना नादान नहीं है कि न समझ सके' – कथन का आशय है :

(1) नादान होने से नहीं समझ सकता है ।

(2) समझदार है, समझ सकता है ।

(3) नासमझ है, नहीं समझ सकता है ।

(4) नादान न होने से नहीं समझ सकता है ।

132. 'जागरण की बेला' होती है :

(1) रात

(2) सुबह

(3) दोपहर

(4) शाम

133. ऋतु का मन खिन्न क्यों हुआ ?

(1) भाई के देश प्रेम से

(2) भाई के प्रश्न से

(3) भाई के आने से

(4) भाई की बेरुखी से

134. 'उसने किसी तरह खाना खाया'

उक्त वाक्य में 'किसी तरह' का तात्पर्य है :

(1) अनमने भाव से

(2) बेरुखी से

(3) शर्मिंदा होकर

(4) कहीं से जुटाकर

135. हमें अपनी मातृभूमि का सम्मान करना चाहिए क्योंकि :

(1) यहाँ हम रहते हैं ।

(2) हम इसके अन्न-पानी से जीवित हैं ।

(3) तिरंगा झंडा बलिदान का प्रतीक है ।

(4) यहाँ लोकतंत्र है ।

निर्देश : नीचे पूछे गए प्रश्नों के **सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प चुनिए :

136. कक्षा में समृद्ध भाषिक परिवेश का निर्माण करने में सहायक हैं :

(1) बाल साहित्य, पोस्टर, सूक्ति वाक्य

(2) बाल साहित्य, पोस्टर, पत्रिकाएँ

(3) पत्रिकाएँ, सूक्ति वाक्य, पाठ्य-पुस्तकें

(4) सूक्ति वाक्य, बाल साहित्य, पत्रिकाएँ

Scanned by CamScanner

137. काजल अपनी मातृभाषा में बात करने में सहज है किंतु हिंदी में बात करते समय उसमें आत्मविश्वास की कमी नज़र आती है । एक भाषा शिक्षक के रूप में आपकी एक युक्ति हो सकती है :

(1) उसे अपनी मातृभाषा में ही बात करने का निर्देश देंगे ।

(2) उसके साथ उसकी मातृभाषा में ही बात करेंगे ।

(3) उसे हिंदी की कहानियों को अपनी मातृभाषा में कहने के लिए कहेंगे ।

(4) उसे हिंदी भाषा में ही बात करने का निर्देश देंगे ।

138. भाषा और सोच :

(1) एक-दूसरे से पूर्णतः असंबद्ध हैं ।

(2) एक-दूसरे को परिपोषित नहीं करते ।

(3) एक-दूसरे से अंशतः असंबद्ध हैं ।

(4) एक-दूसरे को परिपोषित करते हैं ।

139. सुकेश को सुनने में थोड़ी दिक्कत होती है । एक भाषा शिक्षक के रूप में आप क्या करेंगे ?

(1) अपनी बोलने की गति एवं तारत्व को नियंत्रित करेंगे ।

(2) उसे कक्षा समाप्त होने के बाद बताएँगे ।

(3) उसे विशेष विद्यालय भेज देंगे ।

(4) अपनी आवाज़ ऊँची करके बात करेंगे ।

140. उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा शिक्षण का एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है :

(1) पढ़ी गई सामग्री का विश्लेषण कर अपनी राय प्रकट करना ।

(2) छंद, अलंकार आदि की समझ को दृढ़ करना ।

(3) कविता, कहानियों की रचना कर सकना ।

(4) भाषा की पाठ्य-पुस्तकों को पूर्ण कर देना ।

141. बच्चों की भाषाई क्षमता का आकलन करने में एक सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पक्ष है :

(1) मौखिक परीक्षा का आयोजन करना ।

(2) प्रत्येक बच्चे के संदर्भ में उसका आकलन करना ।

(3) पोर्टफोलियो का निर्माण करना ।

(4) लिखित परीक्षा का आयोजन करना ।

142. पठन-प्रक्रिया में सबसे महत्त्वपूर्ण है

(1) डिकोडिंग

(2) प्रवाहशीलता

(3) अर्थग्रहण

(4) अक्षर-ज्ञान

143. 'कागज़ फट गया । कप फट गया ।' अभिव्यक्ति का अर्थ है कि बच्चा :

(1) भाषा बिलकुल नहीं जानता ।

(2) व्याकरण की बिलकुल जानकारी नहीं रखता ।

(3) वाक्य अन्विति से परिचित नहीं है ।

(4) नियमों का अतिसामान्यीकरण कर रहा है ।

Scanned by CamScanner

144. बच्चों के भाषाई आकलन की प्रक्रिया में निवेदिता कक्षाई प्रक्रियाओं, अनुभवों को सर्वाधिक महत्त्व देती है, क्योंकि :

(1) केवल कक्षा के अनुभव ही महत्त्वपूर्ण होते हैं ।

(2) अंतत: उसे कक्षा पर आधारित आँकड़े ही चाहिए ।

(3) आकलन कक्षा तक ही सीमित होता है ।

(4) आकलन में निरंतरता होनी चाहिए ।

145. सभी भाषिक विकास _____ माध्यम से होते हैं ।

(1) सामाजिक-आर्थिक

(2) सामाजिक-सांस्कृतिक

(3) सांस्कृतिक-विद्यालयी

(4) सांस्कृतिक-पारिवारिक

146. जिन बच्चों में 'तुतलाना' भाषा-विकार होता है :

(1) वे वाक्यों को तोड़-तोड़कर बोलते हैं ।

(2) वे एक शब्द के स्थान पर दूसरे शब्द का प्रयोग करते हैं ।

(3) वे एक वाक्य के स्थान पर दूसरे वाक्य का प्रयोग करते हैं ।

(4) वे वाक्य के पहले शब्द की पुनरावृत्ति करते हैं ।

147. आठवीं कक्षा में पढ़ने वाला आदित्य कागज़ पर लिखते समय बाएँ हाशिये को बढ़ाता चलता है । यह प्रमुख लक्षण है :

(1) भाषा में पिछड़ेपन का

(2) डिस्लेक्सिया का

(3) डिस्ग्राफिया का

(4) लेखन में पिछड़ेपन का

148. भाषा अनुकरण के माध्यम से सीखी जाती है । यह विचार किसका है ?

(1) स्किनर का

(2) चॉम्स्की का

(3) वाइगोत्स्की का

(4) पियाजे का

149. भाषा और लिपि के बीच :

(1) कोई निश्चित संबंध नहीं होता ।

(2) तार्किक संबंध होता है ।

(3) वैश्विक संबंध होता है ।

(4) एक निश्चित संबंध होता है ।

150. बोली गई भाषा की प्रकृति अस्थायी होती है और लिखित भाषा की तुलना में काफ़ी तेज़ी से बदलती है । यह कथन :

(1) पूर्णत: सत्य नहीं है ।

(2) आंशिक सत्य है ।

(3) आंशिक सत्य नहीं है ।

(4) पूर्णत: सत्य है ।

Scanned by CamScanner

SPACE FOR ROUGH WORK

रफ कार्य के लिए जगह

Scanned by CamScanner

SPACE FOR ROUGH WORK

रफ कार्य के लिए जगह

Scanned by CamScanner

**निम्नलिखित निर्देश ध्यान से पढ़ें :**

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन प्रश्न पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें ।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के पृष्ठ-2 पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह काले/नीले बॉल पॉइन्ट पेन से भरें । एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है ।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ । परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें ।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के संकेत या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी ।
5. परीक्षा पुस्तिका / उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से हाज़िरी-पत्र में लिखें ।
6. OMR उत्तर पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी । इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए ।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश कार्ड के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्विच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए । इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित ।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-कार्ड दिखाएँ ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें ।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं हाज़िरी-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल नहीं छोड़ेंगे । यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार हाज़िरी-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा । **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान हाज़िरी-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक / हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है ।
13. परीक्षा-हॉल में आचरण के लिए परीक्षार्थी बोर्ड के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं । अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला बोर्ड के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा ।
14. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें ।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी कक्ष / हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र कक्ष-निरीक्षक को अवश्य सौंप दें ।** ***परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।***

**READ CAREFULLY THE FOLLOWING INSTRUCTIONS:**

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with Black/Blue Ball Point Pen on Side-2 of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet / Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the examination halls/rooms. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against them including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his / her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where a candidate has not signed the Attendance Sheet a second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic / Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Board with regard to their conduct in the Examination Hall. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Board.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Room / Hall.** ***The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

X

Scanned by CamScanner